विश्वविद्यालय क्रीड़ा मण्डल

गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय,बाँसवाड़ा

फोनः 02962–247022, ई–मेल :registrar@ggtu.ac.in

महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश :–

1. प्रत्येक खेल प्रतियोगिता के सुचारु रूप से संचालन एवं निगरानी हेतु विश्वविद्यालय स्पोर्टस बोर्ड एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति करेगा। अंतर विश्वविद्यालय टीम (प्रतियोगिता) के लिए विश्वविद्यालय की टीम चयन करने हेतु सम्बन्धित खेल का एक विशेषज्ञ निर्णायक विश्वविद्यलय खेल कुद बोर्ड द्वारा नियुक्त किया जाएगा। इसके अन्तर्गत पर्यवेक्षक, विशेषज्ञ अधिकारी एवं आयोजक संस्था के प्राचार्य की तीन सदस्यों की चयन समिति टीम का चयन करेगी।

2. महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

3. महाविद्यालय में तृतीय वर्ष अध्ययनरत विद्यार्थी अन्तरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पात्र नही रहेगा।

4. प्रतियोगिता आयोजित करने वाली संस्था अपने स्वयं के स्तर पर निष्पक्ष निर्णायकों की व्यवस्था करेगा तथा प्रतियोगिता के पश्चात् निर्णायक कों मानदेय का भुगतान करेगा। इस हेतु शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी से खेल निर्णायकों की सेवा प्राप्त करने हेतु सम्पर्क कर सकते है।

5. यदि कोई टीम पश्चिमी क्षेत्र अन्तरविश्वविद्यालयी (**WZ**) प्रतियोगिता में भाग लेती है तो उन खेलो का कोचिंग केम्प विश्वविद्यालय मुख्यालय बाँसवाड़ा पर आयोजित किया जाएगा। तथा केम्प के पश्चात् टीम सीधे ही प्रतियोगिता स्थल को (मुख्यालय से) रवाना होगी।

6. विश्वविद्यालय चयनित टीम में निश्चित खिलाड़ी संख्या के अतिरिक्त आरक्षित (**Reserve**) खिलाड़ी नही होगें।

7. विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक एवं चयन समिति सदस्य–विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति विश्वविद्यालय क्रीड़ा मण्डल द्वारा की जाएगी।

- क्रिकेट :–

1. अर्न्तमहाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान प्रारम्भिक मैच 20–20 ऑवर एवं सेमी फाइनल एवं फाइनल 25–25 ऑवर के मुकाबले खेले जाऐगें।

2. प्रतियोगिता मे टेलिशिया 4 PICE बॉल काम में ली जाएगी। जो आयोजक कॉलेज उपलब्ध करायेगा।

3. क्रिकेट मैच का (अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता में) प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को पंजीयन शुल्क प्रति टीम 500/– रू. आयोजक कॉलेज को जमा करवाना होगा। प्रत्येक टीम को केवल एक ही बार शुल्क जमा कराना होगा।

- अन्य खेलों के निर्णायक शुल्क :–

1. सभी अन्तरमहाविद्यालय खेलों का मैच फीस 300/– रू. प्रति टीम महिला, पुरूष टीम का पंजीयन शुल्क राशी अलग–अलग जमा कराना होगा।

2. एथेलेटिक्स प्रतिस्पर्धा महिला और पुरुष दोनों का सम्मिलित रूप से 500/– रू. पंजीयन शुल्क जमा कराना होगा।

3. पंजीयन शुल्क की रसीद आयोजक महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी।

4. अर्न्तमहाविद्यालयी खेल प्रतियोगिता से पुर्व आयोजक महाविद्यालय के द्वारा टीम मैनेजर्स की मीटिंग में प्रत्येक टीम मैनेजर की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

5. एक विद्यार्थी एक शैक्षणिक सत्र के दौरान एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता में अधिकतम तीन ट्रेक इंवेट एव दो फील्ड ईवेंट में भाग ले सकेगा।

6. अंतरमहाविद्यालयी खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ियों हेतु उपयुक्त खेल किट होना अनिवार्य है तथा टीम के साथ महाविद्यालय संकाय सदस्य की टीम मैनेजर के रूप में उपस्थिति अनिवार्य है। ऐसा न होने पर सम्बंधित महाविद्यालय के प्राचार्य जिम्मेदार होंगे।

Protest Committee में तीन सदस्य होंगे –

1. आयोजन सचिव (प्राचार्य)
2. विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक
3. चयन समिति का सदस्य

किसी मैच में हेतु मैच समाप्ति के एक घंटे के अंदर 500/– रू. प्रोटेस्ट शुल्क, प्रार्थना– पत्र सहित आयोजन सचिव को जमा कराना होगा।

- <u>तीरंदाजी</u> :–
- **<u>Indian Round</u> -** 1. पुरुष वर्ग – 1. 50 मीटर 2. 30 मीटर दूरी
  2. महिला वर्ग – 1. 50 मीटर 2. 30 मीटर दूरी

- <u>Fita & Compound Round</u> :-
  1. पुरुष वर्ग – 1) 90 मीटर 2) 70 मीटर दूरी 3) 50 मीटर 4) 30 मीटर
  2. महिला वर्ग – 1) 70 मीटर 2) 60 मीटर दूरी 3) 50 मीटर 4) 30 मीटर

<u>विभिन्न खेल टीमों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या</u>

1. तीरंदाजी	–	अधिकतम 12 पुरूष व 12 महिला खिलाड़ी
2. क्रिकेट	–	16 खिलाड़ी
3. फुटबॉल	–	16 खिलाड़ी
4. वॉलीबॉल	–	12 खिलाड़ी
5. कब्ड्डी	–	12 खिलाड़ी
6. हैण्डबॉल	–	12 खिलाड़ी
7. खो–खो	–	12 खिलाड़ी
8. बेडमिण्टन	–	अधिकतम 5 पुरूष व 5महिला खिलाड़ी
9. टेबल टेनिस	–	अधिकतम 5 पुरूष व 5 महिला खिलाड़ी

नोट :– प्रमाण –पत्र अंतर महाविद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता–उपविजेता को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे।

- ➢ सभी प्रतियोगी टीमों को भोजन, अल्पाहार, आवागमन इत्यादि की व्यवस्था प्रतिभागी महाविद्यालय स्वयं करेगा।
- ➢ टीमों के आवास की समुचित व्यवस्था आयोजक संस्था द्वारा की जायेगी।
- ➢ मैच रेफरी/अम्पायर्स को प्रति मैंच 500/– राशी मानदेय दिया जायेगा तथा अल्पाहार एवं भोजन दिया जायेगा।
- ➢ चयन समिति सदस्य, खेल विशेषज्ञ एवं पर्यवेक्षक को प्रतिदिन 1000/– रू. राशी मानदेय एवं भोजन अल्पाहार प्रदान किया जायेगा।
- ➢ उक्त मानदेय भुगतान एवं भोजन इत्यादि की व्यवस्था आयोजक संस्था द्वारा की जायेगी।